# मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण

(म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन)
तृतीय तल, विकास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)

पत्र क्र.2878/MPRRDA/PMGSY-IV/130/2025 भोपाल, दिनांक 05/03/2025

प्रति,

महाप्रबंधक (समस्त)
मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण,
परियोजना क्रियान्वयन इकाई .......... (म.प्र.)

विषय :– **PMGSY-IV योजना के अंतर्गत OMMAS पर Habitation Module एवं DRRP Updation एवं GSS Survey के साथ Habitation एवं मार्गो को Geo Sadak पर दर्शित करने के संबंध में।**

संदर्भ :– **इस कार्यालय का पत्र क्र. 1632 दिनांक 03.02.2025।**

---0---

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र से OMMAS पर Habitation Module व DRRP Updation एवं GSS Survey के साथ नई बसाहट, जो कि पूर्व से Geo Sadak पर दर्शित नहीं है, एवं नये मार्ग/पात्र बसाहट के लिये प्रस्तावित मार्ग का एकरेखण, जो कि Geo Sadak पर पूर्व से दर्शित नहीं है, को Geo Sadak पर मार्किंग करने की कार्यवाही समानांतर में किये जाने का लेख किया गया था।

उपरोक्त क्रम में पुनः लेख है कि **सभी पी.आई.यू. द्वारा OMMAS पर Habitataion एवं DRRP में शामिल किये गये नये मार्गो/Habitataion की मार्किंग Geo Sadak पर शीघ्र करना सुनिश्चित करें।** यह ध्यान दें कि Geo Sadak पर उन सभी बसाहटों की मार्किंग किया जाना है जो कि Habitation Module में अद्यतन स्थिति तक अंकित है। इसके लिये यह आवश्यक नहीं है कि Habitation योजना के लिये पात्र है अथवा नहीं। पात्र एवं अपात्र सभी बसाहटों को Geo Sadak पर मार्क करना है परंतु पूर्व से मार्क बसाहट को पुनः मार्क नहीं करना है। इसी प्रकार DRRP में शामिल किये गये अतिरिक्त नये निर्मित मार्ग/प्रस्तावित किया जाने वाला मार्ग की भी मार्किंग Geo Sadak पर किया जाना सुनिश्चित करें। मार्गो की मार्किंग में भी इस बात का ध्यान दें कि Geo Sadak पर पूर्व से दर्शित मार्ग की दोबारा मार्किंग न हो।

**उक्त मार्किंग का कार्य सभी पी.आई.यू. द्वारा शीघ्र किया जाना सुनिश्चित किया जाये। विशेषकर उन जिलों में जहां GSS का कार्य पूर्ण कर लिया गया है वे जिले तुरंत Geo Sadak पर मार्किंग का कार्य किया जाना सुनिश्चित करें।**

साथ ही मुख्यालय से जो GSS सर्वे OMMAS पर Approved कर दिया गया है उसे Geo Sadak पर सबमिट करना सुनिश्चित करें।

**Habitation Module एवं DRRP entry की सुविधा OMMAS पर दिनांक 10.03.2025 तक उपलब्ध है इसके पश्चात Habitation Module, Updation of DRRP एवं GSS Survey भारत सरकार द्वारा पूर्णतः लॉक कर दिया जायेगा।**

मुख्यालय स्तर पर PMGSY-IV के GSS सर्वे से प्राप्त Alignment का OMMAS पर सत्यापन की कार्यवाही की जा रही है, जिसमें यह पाया गया है कि पी.आई.यू. द्वारा जनसंख्या प्रमाण–पत्र (एनेक्जर–1 एवं एनेक्जर–2) का पी.डी.एफ. खोलने पर दर्शित नहीं हो रहा है अथवा सही प्रारूप में प्रमाण–पत्र अपलोड नहीं है। अतः सभी पी.आई.यू. अभी तक किये गये सभी बसाहटों के सर्वे को निम्नानुसार चैक करें :–

1. Master Data Entry (PMGSY-2)
   ↓
2. Geo Tagging Habitation
   ↓
3. किये गये सर्वे के View Button पर जाकर जनसंख्या प्रमाण–पत्र के PDF को Click करें –

   (A) PDF Not Found दर्शित होने पर जनसंख्या प्रमाण–पत्र का PDF प्रारूप Current Population Source Document के अंतर्गत Add File के माध्यम से जनसंख्या प्रमाण–पत्र के PDF को Upload करना सुनिश्चित करें।

   (B) यदि जनसंख्या प्रमाण–पत्र में त्रुटि है अथवा Replace की आवश्यकता है तो Current Population Source Document के अंतर्गत Is this uploaded population source document correct?: को No, Select करके

Cancel Upload को Click करें, एवं Add File के माध्यम से जनसंख्या प्रमाण–पत्र के PDF को Upload करना सुनिश्चित करें।

OMMAS पर GSS Survey Upload करने के पश्चात Approximate Road Length के कॉलम की Entry अवश्य करें।

04/03/25

(एस.डी. पेंडसे)
**प्रभारी अधिकारी (PMGSY)**
मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण
भोपाल

पृ. क्र. 2879/MPRRDA/PMGSY-IV/130/2025 भोपाल, दिनांक 05/03/2025

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख अभियंता, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की ओर सूचनार्थ।
2. मुख्य महाप्रबंधक (समस्त), मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

**प्रभारी अधिकारी (PMGSY)**
मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण
भोपाल